फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री सुरेन्द्रसिंह रावत, नयाघर, छापली की गंवार, तहसील भीम जिलाः राजसमंद

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 40/2022**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.08.2022 पत्रावली पेश हुई । अपीलांट अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम से जरिये पत्र क्रमांकः सू.अ. /2022/689 दिनांक 01.08.2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा आबादी विस्तार हेतु की कार्यवाही चाही गई थी। जिसमें कार्यवाही की जाकर आबादी विस्तार एवं सूचना उपलब्ध कराये जाने से प्रार्थी द्वारा दिनांक 29.07.2022 को प्रार्थना पत्र पेश कर प्रस्तुत आवेदन पर कार्यवाही पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप अपीलीय प्राधिकरण में विचाराधीन प्रथम अपील में अपीलार्थी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं चाहने से अपील विड्रा करने हेतु अनुरोध किया जाने से लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम द्वारा अपीलार्थी द्वारा अपील विड्रा किये जाने से पत्रावली निस्तारित करने हेतु अनुरोध किया है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम की रिपोर्ट अनुसार अपीलांट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 से चाही गई सूचना अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम द्वारा उपलब्ध करवा दी जाने एवं अपीलार्थी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं चाहते हुए अपील विड्रा करने हेतु अनुरोध किया जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर विड्रा/ निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** न्यायालय जिला कलक्टर लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	